## आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–07 मार्च 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के लाभार्थियों को दिये ब्याजमुक्त ऋण के चेक, कहा–अब नौकरी देने की स्थिति में पहुंच चुका है प्रदेश का युवा
- यूपी एसटीएफ और पंजाब पुलिस ने कौशाम्बी जिले से बब्बर खालसा इंटरनेशनल गुट के सक्रिय आतंकी को किया गिरफ्तार, पुलिस महानिदेशक ने कहा–महाकुंभ के लिए रची गई थी बड़े आतंकी हमले की साजिश
- मथुरा वृंदावन समेत पूरे ब्रज क्षेत्र में होली का पारम्परिक उत्सव शुरू, आज खेली जाएगी विश्व प्रसिद्ध लड्डू होली, होली महोत्सव का शुभारंभ करेंगे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ
- लखनऊ में चल रहे महिला प्रीमियर लीग डब्यूपीएल दो हजार पचीस में मुंबई इंडियंस की टीम ने यूपी वारियर्ज को छह विकेट से हराया

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने गोरखपुर दौरे के दूसरे दिन कल विविध गतिविधियों में हिस्सा लिया। उन्होंने कल गोरखपुर में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत गोरखपुर और बस्ती मंडल के दो हजार पांच सौ लाभार्थियों को करीब सौ करोड़ रुपये का ब्याजमुक्त ऋण प्रदान किया। साथ ही उन्होंने ओडीओपी के अंतर्गत दोनों मंडलों के दो हजार एक सौ प्रशिक्षणार्थियों को टूलकिट का वितरण भी किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से डबल इंजन की सरकार ने प्रदेश के अंदर दस लाख नए युवा उद्यमी को तैयार करने के अभियान को अपने हाथ में लिया है।

**यह मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना हमने चौबिस जनवरी दो हजार पच्चीस को प्रारंभ की और अभी योजना को लागू हुए लगभग सवा महीना हुआ है और डेढ़ महीने का परिणाम क्या है? हमें पूरे वर्ष भर में एक लाख उद्यमियों को इसके साथ जोड़ना था या नए उद्यमी देने थे लेकिन अभी तक हमारे पास एप्लीकेशन आई है दो लाख चौवन हजार सात सौ तिरानवे यानि स्कीम की लोकप्रियता का अंदाजा आप इसी से लगा सकते हैं और इसमें भी एक लाख आवेदन हम लोगों ने बैंकों को भेज दिए हैं।**

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्टार्टअप, स्टैंडअप और मेक इन इंडिया की संस्कृति को आगे बढ़ाया गया । प्रदेश का युवा अब नौकरी देने की स्थिति में पहुंच चुका है।

**उत्तर प्रदेश में छियानबे लाख एमएसएमई यूनिट है। और अब हमारा युवा केवल जाब लेने के लिए नहीं जाब देने का भी कार्य कर रहा है। वह अब नौकरी देने का काम कर रहा है। हर एमएसएमई यूनिट में एक से लेकर के दस लोगों को कम से कम वह कार्य दे सकता है। इतने नये रोजगार का सृजन होगा। और उत्तर प्रदेश के छियानबे लाख एमएसएमई यूनिट तीन करोड़ से अधिक युवाओं को और तीन करोड़ से अधिक लोगों को अपने प्रदेश में काम दे रहा है।**

इससे पहले मुख्यमंत्री ने आयोजन स्थल पर लगी विशेष प्रदर्शनी का अवलोकन किया। एमएसएमई विभाग की तरफ से इस मौके पर एक लघु फिल्म का भी प्रदर्शन किया गया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल ही गोरखपुर के जंगल कौडिया ब्लॉक के काजीपुर गांव में स्थित स्व रामपति यादव आईटीआई का भी निरीक्षण करके छात्र–छात्राओं के प्रशिक्षण की जानकारी ली। साथ ही सिउरिया गांव में पांच हजार सात सौ उन्नीस दशमलव पांच सात लाख की लागत से चार हजार नौ सौ इकतालिस हेक्टयर में रोहिन नदी पर प्रस्तावित पम्पिंग स्टेशन का निरीक्षण कर त्वरित गति से काम को आगे बढाने का निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री आज अपने गोरखपुर दौरे के तीसरे दिन पंडित दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय स्थित पंत पार्क में स्थापित भारतीय स्वतंत्रता सेनानी और उत्तर प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री गोविंद वल्लभ पंत की पुण्यतिथि पर उनकी मूर्ति पर पुष्पांजलि करेंगे।

**********

प्रदेश पुलिस के विशेष कार्यबल–एसटीएफ और पंजाब पुलिस ने कल प्रदेश के कौशाम्बी जिले में एक संयुक्त अभियान में बब्बर खालसा इंटरनेशनल और आईएसआई मॉड्यूल के एक सक्रिय आतंकवादी लजार मसीह को गिरफ्तार किया। प्रदेश के पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने बताया कि आरोपी ने प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान बड़े आतंकी हमले की साजिश रची थी।

***महाकुंभ के आयोजन के पहले ऐसे विघटनकारी तत्वों के द्वारा जो कि देश व विदेश में मौजूद थे उनके द्वारा गडबडी फैलाने की तथा कुछ ऐसी घटना पारित करने की सूचना दी गई थी। इसी के क्रम में एक महत्वकपूर्ण सफलता उत्तर प्रदेश के एटीएस को मिली है। और ये कार्रवाई उत्तरर प्रदेश पुलिस की एसटीएफ तथा पंजाब पुलिस के द्वारा ज्वीइंट ऑपरेशन में की गई है।***

आतंकी लजार मसीह पिछले साल चौबीस सितंबर को पंजाब में न्यायिक हिरासत से फरार हो गया था। कौशाम्बी में गिरफ्तारी से पहले वह लखनऊ और कानपुर में छुप कर रह रहा था।

**********

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत प्रदेश में कार्यरत संविदा कर्मियों के लिए पारस्परिक पुनर्नियुक्ति पोर्टल को आज से बारह मार्च तक के लिए दोबारा खोला जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी पारस्परिक पुनर्नियुक्ति के लिए मानव सम्पदा पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

**********

मथुरा वृन्दावन सहित पूरे ब्रज क्षेत्र में होली का पारम्परिक उत्सव शुरू हो गया है। इसी क्रम में आज विश्व प्रसिद्ध लड्डू होली खेली जायेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ राधा विहारी इंटर कालेज में होली महोत्सव की विधिवत् शुरूआत करेंगे। बरसाने की प्रसिद्ध लट्ठमार होली कल मनायी जायेगी। इन दोनों पर्वों में शामिल होने के लिये देश–विदेश से लोग बड़ी संख्या में मथुरा पहुंच रहे हैं। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि सुरक्षित और यादगार होली के आयोजन के लिए सारी व्यवस्थायें की जा रही हैं। वहीं, मथुरा के जिलाधिकारी चंद्रप्रकाश सिंह ने बताया कि नौ मार्च को नंदगांव में लट्ठमार होली, दस मार्च को श्री कृष्ण जन्मभूमि में रंगोत्सव और ग्यारह मार्च को गोकुल में होली मनाई जाएगी। इन पर्वों के सकुशल आयोजन के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं।

***लोगों को असुविधा न हो, इसके लिए हम लोग कहां कहां पार्किंग है, कहां क्या सुविधाएं हैं उसे गूगल लिंक के माध्यम से क्यूआर कोड स्कैनर दिया हुआ है। कोई भी इसको डाउनलोड कर लेगा कौन सी पार्किंग में कितना स्पेस खाली है, कहां हम जा सकते हैं, रास्ता क्या होगा वो सारी चीजें हम लोगों ने टेक्निक का भी प्रयोग किया है और माननीय मुख्यमंत्री जी का बहुत ही स्पष्ट हम लोगों को निर्देश है कि यहां जो भी श्रद्धालु आवे उसे किसी प्रकार की कोई असुविधा न हो।***

**********

होली पर्व को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे स्पेशल ट्रेनों का संचालन कर रहा है। उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय ने बताया कि आनंद विहार–जयनगर स्पेशल और आनंद विहार–सीतामढ़ी फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन का संचालन अलग अलग तिथियों में निर्धारित समय पर किया जा रहा है। वहीं, उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम भी अमरोहा जिले से प्रदेश के नौ स्थानों के लिए विशेष बसों का संचालन करेगा। निगम के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक अनिल कुमार ने बताया कि होली पर आगरा, मथुरा, गोरखपुर, बनारस, प्रयागराज, अयोध्या, चंदौसी, शाहजहांपुर और दिल्ली के लिए सीधे बस सेवा शुरू की जाएगी।

**********

लखनऊ में चल रही महिला प्रीमियर लीग डब्ल्यूपीएल दो हजार पचीस में कल हुए मुकाबले में मुंबई इंडियंस की टीम ने यूपी वारियर्ज की टीम को छह विकेट से हरा दिया। अटल बिहारी वाजपेई इकाना स्टेडियम में हुए मैच में पहले खेलते हुए यूपी वारियर्ज ने नौ विकेट पर एक सौ पचास रनों का लक्ष्य रखा था।

**********

कल पूरे देश में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाएगा । इस मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु कल नई दिल्ली में एक राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगी। महिला और बाल विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित इस सम्मेलन का विषय है "नारी शक्ति से विकसित भारत"। इसके साथ ही "शी बिल्ड्स भारत" हैशटैग के साथ एक सोशल मीडिया अभियान भी चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में लखनऊ के भारतीय विष विज्ञान अनुसंधान संस्थान में कल से वुमेन इन एकेडमिया, रिसर्च एंड मैनेजमेंट सम्मेलन–वार्म–एस्ट दो हजार पचीस के तीसरे संस्करण का आयोजन किया जा रहा है। कल तक चलने वाला यह सम्मेलन अनुसंधान और शिक्षा में महिलाओं की प्रतिभागिता को शामिल करने पर केंद्रित है।

अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को वाराणसी के काशी विश्वनाथ धाम में द्वार संख्या चार बी से कल सुगम दर्शन की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। धाम के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण ने एक वीडियो संदेश के जरिये इस व्यवस्था की जानकारी दी है।

**********